भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 53 | बिजौलिया - सोमवार,05 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

पंचायत चुनाव में गांव की जनता बीजेपी को जवाब देगी: गहलोत

बोले- बंद की गई योजनाओं को लेकर ग्रामीणों में प्रतिक्रिया, निकाय चुनाव के अनुभव का पंचायत चुनाव में दिखेगा असर; सूखे को लेकर सरकार से कंटिंजेंसी प्लान की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किए जाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में गांव की जनता सरकार के फैसलों का जवाब देगी। गहलोत ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में योजनाओं, मनरेगा, निकाय चुनाव और प्रदेश में सूखे की संभावित स्थिति को लेकर अपनी बात रखी।गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय संचालित कई योजनाएं गांव-गांव में लोकप्रिय थीं। उनके अनुसार गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बंद किए जाने से लोगों में प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के नाम बदलना अलग बात है, लेकिन नाम



बदलने के बाद उन्हें समाप्त किए जाने का कारण समझ से परे है।

किसानों को लेकर दिए बयान पर भी उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों के बारे में यह कहना कि वे 20-25 दिन ही काम करते हैं, उचित नहीं है। गहलोत ने कहा कि इस टिप्पणी को लेकर गांवों में प्रतिक्रिया है और ग्रामीण सवाल कर रहे हैं कि यदि किसान इतने ही दिन काम करता है तो बाकी समय क्या करता है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनाव में इसका असर दिखाई देगा और कांग्रेस भारी बहुमत से जीतेगी।

निकाय चुनाव के अनुभव का किया जिक्र

गहलोत ने हाल में हुए नगर निकाय चुनावों को लेकर भी सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर लोगों में आक्रोश है। गहलोत ने दावा किया कि पुलिस से छापे डलवाए गए और प्रशासन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में ग्रामीण मतदाता निकाय चुनाव के अनुभव को ध्यान में रखेंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में लोग काफी जागरूक हैं और निकाय चुनाव के दौरान सामने आए अनुभवों का असर पंचायत चुनाव में देखने को मिल सकता है।

सूखे की स्थिति पर सरकार से तैयारी की मांग

गहलोत ने राजस्थान में सूखे की संभावित स्थिति को लेकर सरकार से समय रहते तैयारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को अभी से कंटिंजेंसी प्लान तैयार करना चाहिए, ताकि आने वाले समय में पैदा होने वाली परिस्थितियों से निपटा जा सके। मनरेगा का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि पहले ग्रामीणों के लिए रोजगार की गारंटी थी, लेकिन अब काम उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकारों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में पहले मुआवजे का प्रावधान था, जबकि अब वह स्थिति नहीं रही।

पेयजल और पशुओं के चारे की व्यवस्था पर जोर

गहलोत ने कहा कि सूखे की स्थिति को देखते हुए आने वाले समय में मनुष्यों और पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था के साथ पशुओं के चारे का भी इंतजाम करना होगा। उन्होंने सरकार से इन सभी पहलुओं को गंभीरता से लेते हुए समय रहते आवश्यक तैयारियां करने की मांग की।

नानकपुरा में दो ट्रकों की भिड़ंत, शराब से भरे ट्रक में आग; दो घायल

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर नानकपुरा के समीप रविवार को दो ट्रकों की टक्कर के बाद अचानक एक ट्रक आग की चपेट में आ गया। ट्रक में शराब की पेटियां भरी हुई थीं। आग लगने के दौरान चालक और खलासी ट्रक के अंदर फंस गए। पुलिस एवं एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को बाहर निकाला और उपचार के लिए महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज जारी है। हादसे के बाद हाईवे पर करीब तीन किलोमीटर तक यातायात प्रभावित रहा।

बताया गया कि दुर्घटना कंचन फैक्ट्री के सामने स्थित गुरुद्वारे के पास हुई। शराब से भरा ट्रक जयपुर से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था। इसी दौरान दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक ट्रक में आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं।

हादसे की सूचना मिलने पर नानकपुरा पुलिस चौकी के कांस्टेबल देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ 108 एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत के साथ बचाव कार्य शुरू किया। आग के बीच दोनों ने ट्रक में फंसे चालक सियाराम (35) और खलासी किशन (32), निवासी



कोटपुतली, को बाहर निकाला।

इसके बाद हाईवे एंबुलेंस चालक ओमप्रकाश प्रजापत की सहायता से दोनों घायलों को महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय भेजा गया। अस्पताल में दोनों का उपचार चल रहा है।

फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में लगी आग पर काबू पाया। दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों के रुकने और बचाव कार्य के चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब तीन किलोमीटर तक जाम की स्थिति रही। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाने और रास्ता खुलवाने की कार्रवाई की, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

रास्ता पूछने के बहाने वृद्धा की नथ लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से पुलिस ने सुलझाई वारदात, 1.50 लाख की नथ व क्विड कार बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी। बकरियां चराने निकली वृद्ध महिला को रास्ता पूछने के बहाने रोकना और बातचीत के दौरान उसकी नाक से सोने की नथ झपटकर फरार हो जाना आरोपियों को भारी पड़ गया। फूलियाकलां थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 10 ग्राम वजनी सोने की नथ और वारदात में इस्तेमाल क्विड कार बरामद की है। बरामद नथ की अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस जांच के अनुसार वारदात बीती 11 अगस्त को हुई थी। बडला निवासी बाली देवी पत्नी सोकरण मीणा सुबह करीब 11 बजे बकरियां चराने जा रही थी। इसी दौरान कादेड़ा की तरफ से सफेद रंग की कार वहां पहुंची। कार में तीन-चार लोग सवार थे। एक व्यक्ति नीचे उतरा और महिला से रास्ता पूछने के बहाने बातचीत करने लगा। महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही आरोपी उसकी नाक से सोने की नथ झपटकर कार में सवार हुआ और साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। महिला कार का नंबर नहीं देख सकी। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के संभावित मार्गों को खंगाला। रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाई गई। पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने के साथ मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। वाहन से जुड़े साक्ष्यों की पड़ताल के दौरान पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने के सुराग मिले।

जांच के आधार पर पुलिस ने अजीत जाट, मनीष जाट और राकेश जाट को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर क्विड कार और लूटी गई करीब 10 ग्राम सोने की नथ बरामद कर ली।

पुलिस के अनुसार मगनपुरा निवासी अजीत जाट और मनीष जाट तथा आमली कलां निवासी राकेश जाट को गिरफ्तार किया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने रास्ता पूछने या इसी तरह के बहाने से अन्य स्थानों पर भी वारदातें की हैं या नहीं।

चित्तौड़िया के पास हाईवे पर दर्दनाक हादसा, ईको कार सवार बुजुर्ग की मौत

उदयपुर से इलाज कराकर नैनवां लौट रहे थे यात्री, ट्रेलर के पीछे जा घुसी कार, पांच घायल



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

कोटा-चित्तौड़ नेशनल हाईवे-27 पर चित्तौड़िया गांव के समीप हुए सड़क हादसे में ईको कार सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब यात्रियों से भरी ईको कार आगे चल रहे ट्रेलर के पीछे जा टकराई।

बताया गया कि ईको कार में सवार लोग एक बीमार व्यक्ति का उदयपुर में उपचार करवाने के बाद बूंदी जिले के नैनवां क्षेत्र स्थित अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में चित्तौड़िया के पास कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर के पीछे जा घुसी। दुर्घटना में कार में सवार यात्रियों को गंभीर चोटें आईं।

हादसे की सूचना मिलते ही मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। दुर्घटना में भावना पिता कंवरा माली (62), निवासी सुदासड़, नैनवां, बूंदी की मौत हो गई।

पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में प्रकरण दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

12 लाख के कक्षा-कक्षों पर सवाल, दीवारों में दरार देख भड़के ग्रामीण

निर्माण स्थल पर पहुंचकर जताया विरोध, गुणवत्ता पर आरोप; प्रधानाचार्य ने जांच कराने की बात कही, ठेकेदार ने आरोप नकारे

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

भोपतपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में करीब 12 लाख रुपए की लागत से बन रहे कक्षा-कक्षों का निर्माण पूरा होने से पहले ही सवालों के घेरे में आ गया। रविवार को निर्माण स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने दीवारों और आरसीसी पिल्लरों में दरारें होने का आरोप लगाते हुए निर्माण की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई। ग्रामीणों ने मौके पर इस्तेमाल हो रही सामग्री को लेकर भी सवाल उठाए और मानकों के अनुसार निर्माण कराने की मांग की।

दीवारों की मजबूती पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माणाधीन कक्षा-कक्षों की कुछ दीवारों और



आरसीसी पिल्लरों में दरारें दिखाई दे रही हैं। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर ईंटों की चिनाई इतनी कमजोर नजर आई कि हाथ लगाने पर ईंटें नीचे गिरने लगीं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण की स्थिति को लेकर ठेकेदार और विद्यालय प्रशासन को पहले भी अवगत कराया गया था। इसके बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं होने पर



रविवार को ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे और विरोध जताया।

प्रधानाचार्य बोले- तीन दिन पहले दिए थे गुणवत्ता के निर्देश

विद्यालय के प्रधानाचार्य देवी शंकर वर्मा ने बताया कि ठेकेदार को पहले ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आती है तो उच्च अधिकारियों को सूचना देकर जांच कराई जाएगी।

ठेकेदार ने कहा- मानकों के अनुसार हो रहा निर्माण

वहीं, ठेकेदार राजेश धाकड़ ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार ही कराया जा रहा है और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जा रही है।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

5 हजार कलाकृतियों में भीलवाड़ा की दीपिका की कला ने बनाई पहचान

'बेस्ट ड्राइंग अवार्ड' के लिए चयन, 17 अक्टूबर को राष्ट्रीय मंच पर होंगी सम्मानित



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

देशभर से आई करीब 5 हजार कलाकृतियों में भीलवाड़ा की कलाकार दीपिका पाराशर की रचना 'रूट्स ऑफ द इंफिनिटी' का 'बेस्ट ड्राइंग अवार्ड' के लिए चयन हुआ है। ईस्टर्न फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर की ओर से आयोजित 10वीं ऑल इंडिया लेवल आर्ट एग्जीबिशन-2026 में उन्हें 17 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा।

दीपिका ने यह कलाकृति पेन एंड इंक ड्राइंग माध्यम से तैयार की है, जिसमें प्रकाश-छाया और बारीक टेक्सचर के माध्यम से प्रकृति एवं जीवन की निरंतरता को अभिव्यक्त किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला और फोटोग्राफी सहित विभिन्न कला माध्यमों की कृतियां प्रदर्शित होंगी।

भाजपा अजमेर संभाग पंचायत चुनाव प्रभारी अरुण चतुर्वेदी आज भीलवाड़ा में



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा अजमेर संभाग पंचायत चुनाव प्रभारी एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी आज भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर एक बजे आगामी पंचायत राज चुनावों की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजपा जिला संगठन ने आगामी पंचायत राज चुनावों लिए जिला कोर कमेटी सहित पंचायत समिति एवं जिला परिषद वार्ड स्तर पर संयोजकों एवं समन्वयकों की भी घोषणा कर दी है। संभाग प्रभारी अरुण चतुर्वेदी नव नियुक्त कमेटी सदस्यों, संयोजकों एवं समन्वयकों से भी रूबरू होकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

जिला परिषद वार्ड 44 में सुनील जोशी को चुनाव संयोजक की जिम्मेदारी



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

आगामी जिला परिषद चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर जिम्मेदारी सौंपते हुए सुनील जोशी को जिला परिषद वार्ड संख्या 44 का चुनाव संयोजक मनोनीत किया है। पार्टी जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की।

जानकारी के अनुसार चुनाव संयोजक के रूप में जोशी वार्ड 44 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों के समन्वय और कार्यकर्ताओं के बीच संपर्क बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

नियुक्ति पर जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन संगठन के निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

पंचायत चुनाव को लेकर आज होगी बैठक

भीलवाड़ा जिले में दो चरणों में होंगे पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही जिले में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव कार्यक्रम और आचार संहिता की पालना को लेकर 5 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक अपराह्न 5 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में होगी। इसमें संबंधित अधिकारियों को चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के साथ आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। जिला प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

भक्ति में रंगा गुरला, देवनारायण भगवान के जुलूस में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भादवा माह के उपलक्ष्य में निकली शोभायात्रा, रात में हुआ बगड़ावत कथा का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

भादवा माह के उपलक्ष्य में गांव में भगवान श्री देवनारायण की भक्ति का माहौल नजर आया। देव मगरी स्थित देवनारायण मंदिर से निकले भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते और पुष्पवर्षा करते हुए जुलूस के साथ चले।

देवनारायण मंदिर में भादवा माह के दौरान अखंड ज्योत प्रज्वलित की जा रही है। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। घोड़े पर सवार भगवान श्री देवनारायण की तस्वीर के साथ जुलूस निकाला गया। गांव के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।जुलूस देवनारायण मंदिर से रवाना होकर बस स्टैंड, सदाशिव मंदिर, बड़ा डेरा, जैन मंदिर, सहकारी समिति और रामदेव मंदिर होते हुए वापस देवनारायण मंदिर पहुंचा।

रात्रि में मंदिर परिसर में बगड़ावत कथा का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं का मतदाता सूची में होगा नामांकन

विशेष अभियान शुरू, पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या इसके बाद 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले ऐसे युवाओं को चिन्हित किया जा रहा है, जिनका नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके अलावा एसआईआर-2026 के दौरान किसी कारण से मतदाता सूची से नाम हट गया है तो पात्र नागरिक नियमानुसार दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बीएलओ के माध्यम से भी कर सकेंगे आवेदन

पात्र नागरिक मतदाता पंजीकरण के लिए प्रपत्र-6 भर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए मतदाता हेल्पलाइन एप या पोर्टल की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा संबंधित मतदान केंद्र पर नियुक्त बीएलओ के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। निर्वाचन कार्यालय के मतदाता सेवा पोर्टल पर 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए नए मतदाता पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

निर्वाचन विभाग ने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार और आसपास के 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं सहित अन्य पात्र लोगों को चिन्हित करें और उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। इससे पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे।

देश से आए हजारों पुलक भक्तों के मध्य बोले आचार्य पुलकसागर, 32 साल में भीलवाड़ा चातुर्मास सर्वश्रेष्ठ

पुलक मंच परिवार के 29वां राष्ट्रीय महाधिवेशन में 170 सदस्यों की नई राष्ट्रीय टीम गठित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के सानिध्य में पुलक मंच परिवार का 29वां राष्ट्रीय महाधिवेशन का आयोजन रविवार को भीलवाड़ा के रीको क्षेत्र स्थित ओरियम रिसोर्ट में उत्साह एवं उल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ अधिवेशन के प्रथम सत्र में आचार्यश्री का उद्बोधन एवं द्वितीय सत्र में मंच के कार्यो पर चर्चा के साथ 170 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। प्रथम सत्र में आचार्य पुलकसागर महाराज ने उद्बोधन में जब ये कहा कि मेरे 32 वर्ष की मुनि दीक्षा में अब तक जितने चातुर्मास हुए उनमें भीलवाड़ा चातुर्मास सर्वश्रेष्ठ एवं नंबर वन है तो पूरा पांडाल तालियों की करतल ध्वनि से गूंज उठा। उन्होंने श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति भीलवाड़ा के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी एवं उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इनकी समर्पित भाव से दिन रात दी गई सेवाओं ने ही इस चातुर्मास को नंबर वन बनाया ओर ये चातुर्मास सदा मेरी स्मृति में रहेगा। भीलवाड़ा में यह पहला राष्ट्रीय महाधिवेशन है जिसने सभी अधिवेशन में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने भीलवाड़ा में नवगठित पुलक मंच परिवार की शाखा का परिचय कराने के साथ मंगलभावनाएं देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भीलवाड़ा की टीम पूरे भारत की नंबर वन शाखा बने ऐसा आशीर्वाद है। आचार्यश्री ने कहा कि भीलवाड़ा से पुलक मंच परिवार की कई नई चीजे शुरू हो रही है। हमे अपनी खूबियों को तराशना है ओर कमियों को दूर करना है। सदा मुस्कराते रहने की सीख देते हुए कहा कि ये सोच मुस्करा लेना कि इससे भी बुरा होता तो क्या होता, अगर कोई पूछे जिंदगी जीने का क्या सलीका है तो कहना हमने हर हाल में पुलकसागर से मुस्कराना सीखा है। ग्रहण पूर्णिमा के चांद को ही लगता है ये सत्य जब से समझ लिया मैने हर हाल में मुस्कराना सीख लिया।

आचार्य पुलकसागर महाराज ने अधिवेशन में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा पहुंचे पुलक मंच परिवार की देशभर की 150 शाखाओं से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इसकी शुरूआत दिल्ली में चार लोगों से हुई थी, लोग जुड़ते गए ओर कारवां बढ़ता गया। उन चार लोगों ने भागीरथी के रूप में एक छोटी सी लकीर को दिल्ली से निकाला ओर आज ये लकीर गंगासागर में परिवर्तित होने जा रही है। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में राष्ट्रीय पुलक मंच परिवार की गतिविधियों एंव आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई एवं नवगठित 170 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर शपथ दिलाई गई। नई टीम में विनोद फंडोत राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त हुए जबकि भीलवाड़ा से पहली बार प्रवीण चौधरी राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किए गए। भीलवाड़ा की अंतिमा जैन को महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं तन्वी जैन को जोन-4 की महिला महामंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान पुलक मंच परिवार की 70 शाखाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अवार्ड प्रदान किए गए।

सुबह अधिवेशन विधिवत प्रारंभ होने से पहले पुलक मंच परिवार के देशभर से आए सदस्यों ने आचार्य पुलकसागर महाराज के जयकारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली। इसके बाद श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत माहौल में पुलक मंच परिवार का ध्वज फहराया गया तो जयकारे गूंजे उठे। पुलक मंच परिवार भीलवाड़ा महिला शाखा की सदस्यों ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। पूज्य पुष्पदंतसागर महाराज का चित्र अनावरण प्रदीप जैन एवं प्रतिभा जैन ने किया। दीप प्रज्वलन पुलक मंच परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फंडोत सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी, भीलवाड़ा पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह, सह संयोजक लोकेश अजमेरा, महामंत्री जयकुमार पाटनी आदि पदाधिकारियों ने किया। आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मुंबई के निर्मल गोधा व विमल बीना संघी ने प्राप्त किया। शास्त्र भेंट का सौभाग्य बांसवाड़ा के हेमंत सेठ एवं औरंगाबाद के प्रकाश पाटनी ने प्राप्त किया। गुरू पूजन पूना के जीतूजी प्रिया अग्रवाल ने किया। आचार्यश्री की आरती का सौभाग्य जयपुर की नीतू कुशल ठोलिया ने प्राप्त किया।

आचार्यश्री ने भीलवाड़ा पुलक मंच के अध्यक्ष अतुल पाटनी, महामंत्री अक्षय टोंगया, कार्याध्यक्ष विभोर गोधा, उपाध्यक्ष आदिश चौधरी, संयोजक प्रतीक शाह, मंत्री प्रदीप लुहाड़िया,कोषाध्यक्ष पीयूष वेद, भीलवाड़ा महिला शाखा की अध्यक्ष रीना सोनी, महामंत्री ज्योति लुहाड़िया, संयोजक दीपिका लुहाड़िया, कार्याध्यक्ष तन्वी गंगवाल, मंत्री शिवानी काला, कोषाध्यक्ष रश्मि काला आदि पदाधिकारियों को मंच पर बुलाकर उनका परिचय संस्था के सदस्यों से कराया ओर कहा कि इनके प्रयासों से ही भीलवाड़ा में ये भव्य विशाल आयोजन संभव हो पाया है। महाधिवेशन के समापन पर श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष एवं पुलक मंच परिवार भीलवाड़ा के संरक्षक प्रवीण चौधरी ने सभी का आभार जताया। महाधिवेशन में राजस्थान के साथ देश के विभिन्न प्रान्तों से आए पुलक मंच परिवार के सदस्य शामिल हुए।



QUICK BITES

काछोला और भगवानपुरा को मिली नई 108 एम्बुलेंस, ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन सेवा होगी मजबूत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पुनीत चपलोत। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आपात स्थिति के दौरान मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए काछोला और भगवानपुरा (मांडल) को नई 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं। पुरानी एम्बुलेंसों के स्थान पर नई गाड़ियां मिलने से दोनों क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा परिवहन सेवा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

भीलवाड़ा सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि काछोला और भगवानपुरा क्षेत्र में संचालित पुरानी एम्बुलेंसों को नई एम्बुलेंसों से बदला गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरत के समय मरीजों को त्वरित और सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि दूरस्थ एवं ग्रामीण इलाकों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता बेहतर करने के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। नई एम्बुलेंसों के संचालन से सेवा की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

GVK EMRI 108/112 के स्टेट हेड मधुसूदन भोमिया ने बताया कि आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता है। पुरानी एम्बुलेंसों को चरणबद्ध तरीके से नई गाड़ियों से प्रतिस्थापित किया जा रहा है, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को सेवा मिलने में किसी तरह की बाधा न आए।

वहीं प्रोग्राम मैनेजर गौरव त्रिपाठी ने बताया कि नई एम्बुलेंसों से काछोला और भगवानपुरा क्षेत्र में 108 सेवा की कार्यक्षमता बढ़ेगी। टीम का प्रयास रहेगा कि जरूरतमंद व्यक्ति तक कम से कम समय में आपातकालीन सहायता पहुंचाई जा सके और मरीज को घटनास्थल से अस्पताल तक सुरक्षित एवं समयबद्ध परिवहन मिल सके।

बिलिया कलां से पंचायत समिति प्रत्याशी बनाने की मांग

चामुंडा माता मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक, टिकट वितरण में गांव को प्राथमिकता देने की उठी आवाज

भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़।



अनिल डांगी। पंचायत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होने के बीच बिलिया कलां ग्राम पंचायत में पंचायत समिति चुनाव को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई। चामुंडा माता प्रांगण में हुई बैठक में ग्रामीणों ने राजनीतिक दलों से बिलिया कलां क्षेत्र को पंचायत समिति सदस्य के चुनाव में प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में करीब 3000 मतदाता होने के बावजूद अब तक पंचायत समिति के लिए गांव को टिकट नहीं मिल पाया है।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गांव में पहुंचकर समर्थन मांगते हैं, लेकिन टिकट वितरण के समय गांव की मांग को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिलती। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बैठक में मौजूद कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों और टिकट के दावेदार के समक्ष बिलिया कलां से पंचायत समिति प्रत्याशी बनाए जाने की मांग रखी।

बैठक में कांग्रेस के ब्लॉक प्रभारी कैलाश चौधरी, रामलाल गाडरी, सुरेश वैष्णव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत तथा टिकट के दावेदार मनोज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



गुरला में बड़ी स्क्रीन पर दिखाई 'हनुमान अंश' फिल्म, उमड़ा जनसैलाब

बालिका स्कूल परिसर में भक्तिमय माहौल, छतों से भी फिल्म देखते नजर आए ग्रामीण





भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

बस स्टैंड स्थित बालिका स्कूल परिसर में ग्रामवासियों के सहयोग से 'हनुमान अंश' फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। बड़ी स्क्रीन पर फिल्म देखने के लिए गांव के महिला, पुरुष और बच्चों सहित हर वर्ग के सैकड़ों लोग पहुंचे। स्कूल ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भर गया, जबकि कई लोग छतों पर बैठकर फिल्म देखते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय वातावरण में हुई। टेकरी हनुमान के महंत पुनीत दास त्यागी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया। इसके बाद हनुमान जी और राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फिल्म का शुभारंभ किया गया। फिल्म के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने 'हनुमान अंश' की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गांवों में होने चाहिए। लोगों ने सरकार से भी ऐसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक फिल्मों की स्क्रीनिंग गांव-गांव कराने के प्रयास करने की मांग की।आयोजन को सफल बनाने में गुरला के ग्रामवासियों का सामूहिक सहयोग रहा। वहीं महंत पुनीत दास त्यागी महाराज का मार्गदर्शन और सहयोग भी रहा। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिला। फिल्म समाप्त होने के बाद दर्शकों को फल वितरित किए गए।

हरि का स्मरण ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : प्रेमनारायण

भागवत कथा की पूर्णाहुति पर अंतिम समय के भाव का महत्व बताया, भक्त-भगवान के रिश्ते को बनाया जीवन का आधार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



चांदजी की खेड़ी स्थित श्री तिलस्वांनाथ गौशाला में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित प्रेमनारायण गेहूंखेड़ी वालों ने श्रद्धालुओं को जीवन के अंतिम क्षणों में मन की स्थिति और उसके आध्यात्मिक महत्व से जोड़ा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अंत समय में जिस भाव को स्मरण करता है, उसकी गति भी उसी के अनुरूप होती है, इसलिए जीवन को भगवान के नाम से जोड़ना जरूरी है।

सप्तम सोपान की कथा में उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन के हर पड़ाव पर इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसका मन किस दिशा में जा रहा है। संसार की वस्तुओं और मोह-माया में मन को उलझाने के बजाय भगवान हरि का स्मरण करने से जीवन की दिशा भक्ति की ओर बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि अंतिम समय में जिस जीव या भाव का स्मरण किया जाता है, उसी के अनुरूप आत्मा की गति होने की बात शास्त्रों में कही गई है। इसी कारण मनुष्य को अपने जीवन में भगवान का नाम और भक्ति लगातार बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि 'हरी से अपनी जोड़ी बनानी है, भक्त और भगवान की जोड़ी बनानी है।'

कथा वाचक ने समझाया कि भगवान का स्मरण केवल अंतिम समय के लिए नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। मनुष्य यदि नियमित रूप से हरि नाम का स्मरण करता रहे तो उसके विचार और कर्म भी उसी दिशा में आगे बढ़ते हैं।

कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्तिमय वातावरण में कथा का समापन हुआ और श्रद्धालुओं ने भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

नव साक्षरों ने साक्षरता परीक्षा देकर मिटाया निरक्षरता का कलंक

कोटड़ी ब्लॉक में 33 केंद्रों पर 4552 महिला-पुरुषों ने दी साक्षरता परीक्षा, दिव्यांग नव साक्षरों ने भी उत्साह से लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा के प्रथम टेस्ट में कोटड़ी ब्लॉक के 33 परीक्षा केंद्रों पर नव साक्षरों ने उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा में 1161 पुरुष एवं 3391 महिलाओं सहित कुल 4552 नव साक्षरों ने परीक्षा दी। खास बात यह रही कि दिव्यांग नव साक्षरों ने भी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर नव साक्षरों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कई नव साक्षर अपने परिजनों के साथ गीत गाते हुए परीक्षा केंद्र पहुंचे। जहाँ उनका स्वागत किया गया। परीक्षा को लेकर महिला-पुरुषों में खासा उत्साह देखने को मिला। उम्र की बाधा को पीछे छोड़कर नव साक्षरों ने पढ़ना-लिखना सीखने के बाद परीक्षा देकर आत्मविश्वास का परिचय दिया।

दिव्यांग नव साक्षरों ने भी दिखाई हिम्मत

परीक्षा में दिव्यांग नव साक्षरों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद वे परीक्षा केंद्र तक पहुंचे और अन्य परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा में शामिल हुए। उनकी यह पहल दूसरे नव साक्षरों के लिए भी प्रेरणादायी रही। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शान्ति लाल पोखरना ने बताया कि जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा मुकेश गुप्ता तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कोटड़ी जगदीश नारायण मीणा के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन किया गया। ब्लॉक के 33 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अधीक्षक, सह-केंद्र प्रभारी एवं विद्यालय स्टाफ की मौजूदगी में परीक्षा संपन्न कराई गई।

महिलाओं की भागीदारी रही अधिक

परीक्षा में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में करीब तीन गुना रही। कुल 4552 परीक्षार्थियों में 3391 महिलाएं और 1161 पुरुष शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में साक्षरता के प्रति बढ़ती जागरूकता का यह एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि नव साक्षरों को पढ़ने-लिखने के साथ दैनिक जीवन में गणना एवं संख्यात्मक ज्ञान का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल नव साक्षरों ने कहा कि पढ़ना-लिखना सीखने के बाद अब वे अपने दैनिक कार्य स्वयं अधिक आत्मविश्वास के साथ कर पा रहे हैं। ब्लॉक समन्वयक पोखरना ने परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग करने वाले केंद्र प्रभारियों, विद्यालय स्टाफ, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी कार्मिकों का आभार जताया।

कागज बचाने की पहल, डिजिटल अंदाज में पहुंचेगा अग्रसेन जन्मोत्सव का न्योता



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल जुड़ाव को बढ़ावा देते हुए इस बार अग्रसेन जन्मोत्सव की कागजी पत्रिका के बजाय ई-पत्रिका तैयार की है। 11 से 20 अक्टूबर तक होने वाले 10 दिवसीय धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी अब व्हाट्सएप के माध्यम से समाजबंधुओं तक पहुंचाई जाएगी। ई-पत्रिका में जन्मोत्सव के सभी कार्यक्रमों की तारीख, समय और आयोजन संबंधी जानकारी दी गई है। ट्रस्ट की ओर से इसका विमोचन कर समाजबंधुओं से ई-पत्रिका को अधिक से अधिक परिवारों और व्हाट्सएप समूहों में साझा करने की अपील की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खेमका, कोषाध्यक्ष रवि रेड्डी, सहमंत्री मुकेश पाटोदिया, ट्रस्टी गोपाल बंसल व ललित अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष ऋतु नागौरी तथा अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की।

आस्था के साथ सेवा का संकल्प, रक्तदान शिविर में 125 यूनिट रक्त संग्रहित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।।

संकटवीर बालाजी सेवा संस्थान के सानिध्य में रविवार को मोती बावजी चौराहा, सांगानेर रोड स्थित सेंट मीरा कॉन्वेंट सेकेंडरी स्कूल, उमराव पैलेस में प्रथम विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में बालाजी भक्तों, युवाओं और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 125 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। युवाओं के साथ महिलाओं ने भी रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए आयोजित इस सेवा कार्य में भागीदारी निभाई।

संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। 125 यूनिट रक्त संग्रहित होने पर संस्थान ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार जताया।

पंचायत चुनाव: भीलवाड़ा जिले में निषेधाज्ञा लागू

हथियार, बिना अनुमति सभा-जुलूस और भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट पर रोक; मतदान केंद्र के 200 मीटर दायरे में मोबाइल भी प्रतिबंधित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत आम चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भीलवाड़ा जिले में प्रशासन ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जिला परिषद, सभी पंचायत समितियों और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की है। आदेश 3 अक्टूबर से चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगा।



आदेश के तहत सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, विस्फोटक या घातक शस्त्र लेकर चलने पर रोक रहेगी। जिले के बाहर से भी हथियार लेकर प्रवेश नहीं किया जा सकेगा। चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बलों सहित निर्धारित श्रेणियों और धार्मिक परंपरा के अनुसार कृपाण रखने वालों को नियमानुसार छूट दी गई है।

सभा-जुलूस के लिए अनुमति जरूरी

बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर सभा, रैली, जुलूस या धरना नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर सहित ध्वनि प्रसारण यंत्रों के लिए भी अनुमति आवश्यक होगी। अनुमति मिलने पर इनका उपयोग सुबह 6 से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा।

सोशल मीडिया पर भी निगरानी

फेसबुक, एक्स, व्हाट्सऐप, यूट्यूब सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष, दुष्प्रचार या भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने पर रोक रहेगी। धार्मिक स्थलों को चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मतदान केंद्र के आसपास मोबाइल पर रोक

मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतगणना दिवस पर मतगणना केंद्र के 200 मीटर दायरे में मोबाइल फोन और वायरलेस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस एवं अन्य अधिकृत कर्मचारियों को इससे छूट रहेगी।

मतदाताओं को वाहन से लाने-ले जाने पर रोक

राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को वाहनों से मतदान केंद्र तक लाने या वापस ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और सूखा दिवस के दौरान शराब बिक्री पर भी रोक लागू रहेगी।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से निषेधाज्ञा का पालन करने और पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

लाउडस्पीकर पर सख्ती, अनुमति के बिना नहीं बजेंगे

रात 10 से सुबह 6 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध; चुनाव प्रचार में भी सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति जरूरी

भीलवाड़ा । पंचायत आम चुनाव-2026 की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव आचार संहिता की पालना और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने जिले की सभी पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को नियंत्रित करते हुए बिना अनुमति इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

आदेश के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर या किसी भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं सुबह 6 से रात 10 बजे तक भी चुनाव प्रचार, राजनीतिक कार्यक्रम या अन्य आयोजनों में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति लाउडस्पीकर नहीं बजाया जा सकेगा।

वाहन पर परमिट दिखाना अनिवार्य

चुनाव प्रचार के लिए वाहन पर लाउडस्पीकर लगाने से पहले लिखित अनुमति लेना जरूरी होगा। आवेदन में वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन का प्रकार और संबंधित प्रत्याशी या राजनीतिक दल का नाम देना होगा। अनुमति मिलने के बाद उसका परमिट वाहन पर प्रदर्शित करना अनिवार्य रहेगा।

जुलूस, सार्वजनिक सभा या स्थिर ध्वनि प्रसारण यंत्र के लिए भी संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट से पूर्व लिखित अनुमति लेनी होगी। अनुमति मिलने के बावजूद ध्वनि का स्तर निर्धारित मानकों से अधिक नहीं रखा जा सकेगा।

उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

आदेश की अवहेलना करने पर वाहन मालिक, चालक, ध्वनि यंत्र के मालिक और संचालक के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1963, भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

त्रिवेणी में अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ का जिला अधिवेशन संपन्न

राष्ट्रहित, उद्योगहित और मजदूर हित के मुद्दों पर हुआ मंथन, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन

अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (बीएमएस) जिला भीलवाड़ा का पंचम त्रै-वार्षिक जिला अधिवेशन रविवार को त्रिवेणी संगम स्थित सुमेरगढ़ रिसोर्ट में आयोजित हुआ। अधिवेशन में जिले के विभिन्न खंड एवं उपखंडों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने भाग लेकर श्रमिक हितों, कर्मचारियों की समस्याओं और संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। अधिवेशन में विद्युत कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता विस्तार तथा प्रत्येक खंड एवं उपखंड स्तर पर संगठन को अधिक सक्रिय बनाने पर चर्चा हुई। साथ ही राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं मजदूर हित से जुड़े विषयों को प्रभावी तरीके से उठाने पर जोर दिया गया।



मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा राष्ट्रहित, उद्योगहित और मजदूर हित को साथ लेकर चलने वाली है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं एवं अधिकारों के लिए संगठन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दलपत सिंह शेखावत ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंचाने तथा श्रमिक समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जिला महामंत्री नरेश कुमार जोशी ने संगठन की गतिविधियों और कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



उन्होंने बताया कि संघ ने समय-समय पर कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए प्रयास किए हैं। आगामी समय में लंबित सेवा संबंधी मामलों और श्रमिक कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की बात कही।

प्रदेश महामंत्री सतीश राठौड़, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, निर्वाचन अधिकारी एवं डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी सहित प्रदेश एवं डिस्कॉम स्तर के पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठनात्मक अनुशासन, सदस्यता विस्तार और कर्मचारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। डिस्कॉम उपाध्यक्ष जुम्मा कठात ने भी श्रमिक हितों एवं संगठनात्मक विषयों पर विचार व्यक्त किए।

अधिवेशन में बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष तेज सिंह शेखावत सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

अंत में श्रमिक हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा राष्ट्रहित, उद्योगहित और मजदूर हित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया गया। अधिवेशन का समापन संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए श्रमिक समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने के आह्वान के साथ हुआ।

पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक, 67 दावेदारों ने मांगा टिकट

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी।

आगामी पंचायत राज चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से रविवार को सेन छात्रावास में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य के टिकट के लिए 67 दावेदारों ने आवेदन प्रस्तुत किए। पार्टी पदाधिकारियों ने संगठनात्मक तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर चर्चा की।

बैठक में पर्यवेक्षक एवं गुलाबपुरा के पूर्व पालिका अध्यक्ष चेतन पेसवानी, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेंद्र कुमार रेगर, पालिका अध्यक्ष रमेश सेन, पूर्व प्रत्याशी राजकुमार बैरवा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत और पूर्व प्रधान रामप्रसाद पारीक सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पर्यवेक्षक चेतन पेसवानी ने कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशों के अनुरूप चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने और आपसी समन्वय बनाए रखने की बात कही। उन्होंने पंचायत समिति क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

नरेंद्र कुमार रेगर ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी संगठन के साथ काम करने का आह्वान किया। वहीं राजकुमार बैरवा ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर संगठन के निर्देशों का पालन करने की बात कही।

पालिका अध्यक्ष रमेश सेन ने पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। पालिका उपाध्यक्ष इशाक मोहम्मद ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

बैठक में पंचायत समिति क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ताओं एवं दावेदारों ने भाग लिया। टिकट के लिए 67 आवेदन आने के बाद अब पार्टी संगठन के सामने दावेदारों में से प्रत्याशियों का चयन करना अगला चरण होगा।

QUICK BITES

सरकारी संपत्तियों पर चुनाव प्रचार किया तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार

पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए सख्त निर्देश, सरकारी भवनों और वाहनों के उपयोग पर रोक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत आम चुनाव-2026 को लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सरकारी भवन, परिसर, वाहन, खंभे सहित किसी भी सरकारी अथवा पंचायतीराज संस्था की संपत्ति का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए करने पर संबंधित नियंत्रण अधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा।

निर्देशों के अनुसार सरकारी, अर्द्धसरकारी विभागों, निगमों एवं पंचायतीराज संस्थाओं के भवन, परिसर, वाहन और अन्य परिसंपत्तियों पर चुनाव प्रचार सामग्री लगाने अथवा प्रचार गतिविधियां संचालित करने की अनुमति नहीं होगी। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी किसी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं ले सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग, पोस्टर, बैनर लगाने या नारे लिखने के साथ चुनावी सभा, जुलूस एवं अन्य प्रचार गतिविधियों के आयोजन में भी आचार संहिता के नियमों की पालना अनिवार्य होगी। विश्रामगृह, डाक बंगले और सरकारी वाहनों के उपयोग को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधित संस्था के नियंत्रण अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्मिकों से भी नियमों की कड़ाई से पालना करवाने के निर्देश दिए, ताकि पंचायत चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

मेवाड़ की गौरवगाथा ने जगाया स्वाभिमान, भाव-विभोर हुए पदाधिकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मेवाड़ के शौर्य, त्याग और बलिदान की गौरवगाथाओं ने वनवासी कल्याण आश्रम की प्रांतीय पदाधिकारी बैठक में ऐसा माहौल बनाया कि सभागार भावनाओं से भर उठा। महाराणा प्रताप, पन्नाधाय, हाड़ी रानी और रानी पद्मावती के जीवन प्रसंगों के मंचन ने उपस्थित पदाधिकारियों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष भी गूंजते रहे।

बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के 40 प्रांतों से 350 से अधिक केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल जोग एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री भगवान सहाय के मार्गदर्शन में हुई बैठक में वनवासी समाज के जीवन स्तर में सुधार, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और स्वच्छता जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विदेशी वस्तुओं से बचने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर भी जोर दिया गया।

सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के लोक कलाकारों ने मेवाड़ की गौरवगाथा को मंच पर जीवंत किया। महाराणा प्रताप की वीरता, मीरा की भक्ति, पन्नाधाय का बलिदान, हाड़ी रानी के साहस और रानी पद्मावती के जौहर के मंचन ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। समापन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में देशभर में भव्य आयोजन करने का आह्वान किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। अंत में सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ बैठक का समापन हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।